# यूपीईएस ने की रनवे कार्यक्रम के लिए 50 लाख की घोषणा

देहरादून, 8 मार्च (स.ह.) : यूपीईएस ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों द्वारा स्थापित स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए रनवे कार्यक्रम के लिए 50 लाख के कोष की घोषणा की। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने पीएचडी कर रही 50 महिला स्कॉलर्स को भी सहायता देने का वादा किया। यूपीईएस में उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और उनके रिसर्च प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए उन्हें फेलोशिप की पेशकश की।

विश्वविद्यालय ने विशेष रूप से महिला सहायक कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के प्रति अपने कमिटमेंट को पूरा करते हुए डिज़ाइन किए गए 2 लाख के बीमा कवर की भी घोषणा की। यह घोषणाएं 'आज की रानी' म्यूजिकल वीडियो के लॉच इवेंट में की गईं। प्रतिष्ठित बॉलीवुड गायक दलेर मेहंदी द्वारा गाया गया गीत महिला सशक्तिकरण की एक कलात्मक और संगीतमय अभिव्यक्ति है जो भारत की आधुनिक महिलाओं की ताकत और धैर्य का जश्न मनाता है।



*यूपीईएस में बाइक रैली निकालती महिलाएं।*

यूपीईएस ने महिला बाइक रैली के साथ समारोह की शुरुआत की, जिसे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता पुष्कर धामी ने 'महेंद्र ग्राउंड' कैंट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला बाइकर्स के नेतृत्व में रैली ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं की ताकत, लचीलापन और क्षमताओं का प्रदर्शन किया। रैली यूपीईएस के बिधौली परिसर में समाप्त हुई। इस मेगा इवेंट में विश्वविद्यालय के 200 छात्रों के साथ-साथ 300 कर्मचारी और फैकल्टी मेंबर्स शामिल हुए।

इस मौके पर महिला बाइक रैली के लिए यूपीईएस की टीम को शुभकामनाएं देते हुए गीता धामी ने कहा कि संस्थान समय-समय पर लोगों की मदद करता रहता है। आज हमारे देश और प्रदेश की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर देश की तरक्की और आर्थिक सुदृढ़ता के लिए कार्य कर रही हैं।

यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम के. शर्मा ने कहा कि हम एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां महिलाएं आगे बढ़ें और अपने सभी प्रयासों में सफल हों। कहा कि महिलाओं के उत्थान के कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।